



# मूसलाधार बारिश से ब्लॉक मार्केट डूबा

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 07 जुलाई. सोमवार की शाम करीब 4 बजे अचानक तेज मूसलाधार वर्षा करीब एक से दो घण्टे तक होने से नगर में चारों ओर पानी -पानी हो गया. भोपाल रोड पर पलकमती की पुलिया के ऊपर पानी आने से दो एवं छोटे चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद हो गई. हर बार की तरह फिर से बिजली चली गई जो खबर लिखे जाने तक नहीं आई थी. वहीं बेगमगंज -सुल्तानगंज मार्ग पांडाझिर के पास दुधई नदी पर अस्थाई रपटे पर आज फिर पानी बढ़ने से बंद हो गया है.**

इसके अतिरिक्त बेगमगंज - बेरखड़ी, हैदरगढ़ से होकर विदिशा पहुंच मार्ग भी बंद है. और बेगमगंज - नेंनविलास -परसोरा मार्ग , बेगमगंज - चँदोरिया , बेगमगंज -मानपुर , सिलतिरा , गोपालपुर मार्ग भी फिर से बंद हो गया है. सोमवार को दोपहर में करीब 2 से 3 घंटे तक पानी नहीं गिरा, लेकिन शाम 4 बजे से एकाएक तेज रफ्तार से मूसलाधार बारिश शुरू हो गई.

## चौथी बार फिर बंद हुआ सुल्तानगंज मार्ग



जो डेढ़ घण्टे तक एक ही रफ्तार से गिरता रहा. जिसके कारण नगर की निचली बस्तियों मंडी , माला फाटक , मुकरबा ,ईश्वर नगर चुरक्का , पाराशरी , दशहरा मैदान रामनगर इत्यादि जलमग्न हो गए. जिससे लोगों के घरों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया. इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत के सामने ब्लॉक मार्केट के सामने 3 फीट पानी भरने से दर्जनों दुकानों में पानी भर गया. सामने का पूरा क्षेत्र जलमग्न होने से दुकानदारों एवं लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. जनपद कार्यालय के मुख्य गेट से दीनदयाल कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर भी करीब 2 फीट पानी सड़क पर बह रहा था. दशहरा मैदान के पास स्थित पलकमति नाले पर 3 फीट से ऊपर पानी होने के कारण दो पहिया एवं छोटे चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद हो गया और दशहरा मैदान के पीछे वाले हिस्से में घरों में भी पानी भरने से लोगों की गृहस्थी का सामान खराब हो गया.

### लगातार वर्षा से भैंसा गांव पानी से घिरा



करीब एक हजार आबादी वाला ग्राम भैंसा में जहाँ बारिश ने हालात को बेकाबू कर दिया है. यहां की सड़कों पर अब सड़क नहीं, बल्कि नदी बह रही है. गांव के अंदर तक करीब एक किलोमीटर दूर से पानी बहकर आ रहा है और अब हालात ऐसे हैं कि 40 से 50 घर पानी से पूरी तरह घिरे हुए हैं. जो टापू में बदल गए हैं ओर जहां के लोग दो दिन से अपने -अपने घरों में कैद हो गए हैं. उन्हें खाने - पीने की सामग्री के साथ पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है. गांव में लोगों के घरों में पानी भरने से खाने-पीने का सामान, अनाज, बिस्तर सब भीग कर खराब हो रहे हैं. मूसलाधार वर्षा के चलते गांव के लोग दहशत में हैं . महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी परेशान हैं लेकिन जिम्मेदारों की नींद अब तक नहीं खुली है . गौर करने वाली बात ये है कि पिछले साल भी ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया था ओर हालात की जानकारी दी थी , लेकिन नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' है, ना कोई नाली बनी, ना कोई निकासी का इंतज़ाम हुआ.



# 12 घण्टे के अन्दर हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बाड़ी, 07 जुलाई. बाड़ी पुलिस ने रंजित ठाकुर की हत्या के मामले में आरोपी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त किया गया एक छुरा एवं मृतक रजित ठाकुर का मोबाईल जप्त किया है.**


पुलिस के अनुसार फरियादी पप्पू पिता गोपाल सिंह आदिवासी उम्र 40 साल निवासी वार्ड नंबर 06 ब्लाक के पीछे बाड़ी ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि मेरा बडा लड़का रजित ठाकुर 05 जुलाई को शाम 6 बजे घर से अपनी मोटर साइकिल से बाजार जाने का बोलकर निकला था, करीब 10 बजे रात्रि को फिर से फोन लगाया तो रंजित का मोबाइल बंद आ रहा था, सुबह एमपी कान्वेंट स्कूल के पीछे वाले गेट के पास रोड पर रंजित मृत अवस्था में पड़ा मिला. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया.

## एक नजर में



### थाना परिसर में एसपी ने रोपे पौधे

**बाड़ी.** बाड़ी थाना परिसर को हरा-भरा रखने के लिए पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और स्टॉफ ने पौधारोपण किया. उन्होंने पौधारोपण कर लोगों को संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं. नर्मदा किनारे पौधे लगाने से बारिश के समय बाढ़ से मिट्टी का कटाव नहीं होता. वहीं यह वृक्ष छाया के साथ हमें फ़ल भी देते हैं. इस मौके पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे, एसडीओपी अदिति बी सक्सेना, थाना प्रभारी राजेश तिवारी सहित थाना स्टाफ ने पौधे लगाए.



### खेत की तार फेंसिंग का आधा खर्च देगी सरकार

**रायसेन.** किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर अब तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी. अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानिकी फसल उगाने वाले किसान अपने खेत के चारों ओर 5 तार व खंभे की तारफेंसिंग लगवा सकते हैं. जिला उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं. विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है. आयुक्त उद्यानिकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है. इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है. विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत)सब्सिडी अनुदान प्रदान किया जाएगा. तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है. इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी. शेष डेढ़ लाख रुपये किसान खुद वहन करेगा.

### गजेद्र अध्यक्ष, फैज उपाध्यक्ष, राजकुमार सचिव बने

**सिलवानी.** प्रेस क्लब सिलवानी की नवीन कार्य कारिणी का गठन किए जाने को लेकर बैठक, जिसमें प्रेस क्लब की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा तत्कालीन अध्यक्ष विजय जैन के द्वारा की गई. इस दौरान सर्व सहमति से गजेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया. इनके अलावा उपाध्यक्ष फैज खान, सचिव राजकुमार रघुवंशी, कोषाध्यक्ष रकीब खान, महामंत्री फईम मंसूरी, सहसचिव आशीष सैनी, संगठन मंत्री कृष्णकांत सोनी, संयोजक शिवम नामदेव, विधि सलाहकार आदित्य रामशरण, प्रवक्ता उवेश खान को चुना गया. संरक्षक का दायित्व विजय जैन को दिया गया.

### मोहर्रम पर निकला मातमी जुलूस

**रायसेन.** ग्राम पंचायत कानपोहरा,याकूबपुर में रविवार को मोहर्रम के उपलक्ष्य में मातमी जुलूस गांव में घूमकर निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने जुलूस में शामिल होकर मिलजुलकर एकता, अखंडता की अनूठी मिसाल पेश की. मोहर्रम के जुलूस में अखाड़ों के पहलवानों ने लेझिम, बनेटी, तलवार, लाठियों का सामूहिक प्रदर्शन कर हैरत भरे कारनामे दिखाए. जुलूस करबला में समाप्त हुआ. इस जुलूस में सरपंच प्रतिनिधि कैलाश किरार, उपसरपंच शेर सिंह लोधी, सरपंच तौफीक खान और ग्रामीणजन शामिल हुए. जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर पुलिस फोर्स तैनात रहा.

# बारिश में निकला मोहर्रम का जुलूस

**बेगमगंज, 07 जुलाई. शहर की प्राचीन परंपरा के मुताबिक मोहर्रम की 11 तारीख को ताजिए ठंडे किए जाते हैं और शहर में नंगे सर की सवारी निकाली जाती है. मुस्लिम त्योहार कमेटी की कयादत में नंगे सिर की सवारी का अखाड़ों के साथ जुलूस काजी मोहल्ले से भारी बारिश के बीच शुरू किया गया जो नीम वाली मस्जिद, जामा मस्जिद रोड, पक्का फाटक, गणेश मंदिर रोड, पुराना बस स्टैंड, गांधी बाजार, कबीट चौराहा, किला, राजपूत मोहल्ला से होते हुए काजी मोहल्ले पहुंचा.**

रास्ते में जगह- जगह लोगों ने सवारी पर नाल चढ़ाए लोभान की धूनी दी तबर्रुक तकसीम किया, वहीं हिलाली अखाड़े के युवाओं ने बरसते पानी में लेझिम, बनेटी, चक्र, नेजा बाजी और लकड़ी आदि के विभिन्न करतब दिखाएं. युवाओं



और बच्चों में प्रोग्राम को लेकर खासा उत्साह देखा गया. कई जगह छोटे-छोटे बच्चे शरबत पिलाते देखे गए वहीं कुछ लोगों द्वारा पीने के पानी का इंतेजाम भी किया गया था वही याराना ग्रुप द्वारा कई मोहल्ले में स्टार लगाकर पेयजल की व्यवस्था की गई और कई जगह जर्दा बनाकर तकसीम किया गया. नईम बाबा द्वारा सुतली बम फोड़ने के लिए बनाया गया नमूना काफी सराहा गया जो जोरदार आवाज निकाल रहा था.

# चातुर्मास शुरू, 4 माह मांगलिक कार्य रहेंगे बंद

## चातुर्मास के 4 महीने व्रत, पूजा और सेवा का होता है विशेष महत्व

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 07 जुलाई. रविवार से चातुर्मास की शुरुआत होते ही 4 महीने तक विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई है. इस दौरान भगवान विष्णु की योग निद्रा के कारण कोई भी वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे. पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया चातुर्मास का समय 1 नवंबर तक रहेगा.**

देवउठनी एकादशी के बाद विवाहों के शुभ- मुहूर्त फिर से शुरू होंगे. चातुर्मास के चार महीनों मैं धार्मिक अनुष्ठान और संतों के प्रवचन होंगे, लेकिन शादी- ब्याह जैसे मांगलिक कार्य पूरी तरह से बंद रहेंगे. 1 नवंबर के बाद विवाहों के लिए 30 में से 14 दिन शुभ मुहूर्त होंगे और दिसंबर में 11 शादियों के मुहूर्त रहेंगे.

**नवंबर-दिसंबर में विवाह के 25 मुहूर्त आएंगे-** पंचांग के अनुसार नवंबर व दिसंबर के महीने में शादी- विवाह के 25 शुभ मुहूर्त होंगे. नवंबर में 2, 3, 6, 8, 12, 13, 15, 16, 22, 23, 25, 26, 28 और 30 के साथ दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 13, 14 और 15 को मांगलिक कार्यों के लिए शुभ रहेंगी.

चातुर्मास के 4 महीने धार्मिक दृष्टि से बेहद खास माने जाते हैं. इस अवधि में भगवान विष्णु शयन करते हैं. इसके चलते मांगलिक विवाह, मुंडन या गृह प्रवेश नहीं किए जाते. इस समय व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है.

### धार्मिक दृष्टिकोण से भी खास है चातुर्मास



पंडित शास्त्री का कहना है चातुर्मास केवल मांगलिक कार्यों पर विराम का ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति का समय भी माना जाता है. इस दौरान व्रत-उपवास, पूजा-अर्चना, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन और सेवा कार्यों में समय बिताते हैं. यही समय है जब साधु-संत एक स्थान पर निवास कर समाज को धर्म और संस्कृति का मार्गदर्शन देते हैं. ऐसे में यह समय आत्मिक शांति और आध्यात्मिक विकास का सर्वोत्तम काल होता है.

# ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर, हैंडपंप उत्खनन की लगाई गुहार

## बरबटपुर के लोगों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को दिया आवेदन

**रायसेन, 07 जुलाइ. सोमवार को दोपहर के वक्त लगभग छह किमी का सफर पैदल तय करते हुए ग्राम पंचायत सदालतपुर के बुजुर्ग युवा महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचे. ग्रामीणजनों द्वारा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से मुलाकात कर आवेदन दिया.**

जिसमें गुहार लगाते हुए बताया कि हमारे गांव बरबटपुर में कम पावर की डीपी लगी थी. जिसमें ओवरलोड कनेक्शन हो जाने पर करीब 3 माह पूर्व जल चुकी है. जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है. बारिश के मौसम में पथरीले रास्ते पर रेंगते जहरीले जीव जंतुओं से जान को खतरा बना हुआ है.जिससे ग्रामीण चिंतित हैं. ग्रामीणजनों ने कलेक्टर से63 केवीए पावर की डीपी लगाए जाने



की मांग की है. वहीं शान्तिधाम तक कच्चा कीचड़ युक्त रास्ता है.सीसी सड़क जल्द बनाई जाए तो बेहतर होगा. सड़क समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव से भी समस्या से अवगत कराया.लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई.जिससे ग्रामीणों में गांव की सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है. बरबटपुर में एक हैंडपंप जल्द उत्खनन कराया जाए.ताकि ग्रामीणों की पानी की किल्लत दूर हो सके.

### सीएम हाउस भोपाल तक की थी पदयात्रा

लगभग 3 साल पहले बरबटपुर के ग्रामीणों ने जनपद सदस्य पर्वत सिंह धानक के नेतृत्व में सदालतपुर से लेकर भोपाल सीएम हाउस तक पदयात्रा की थी .वहां मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया था. बावजूद इसके साढ़ 3 साल बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो सका . उन्होंने समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है.

# गुरुपूर्णिमा पर होगा दो दिनी उत्सव

## आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय ने जारी किये निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 07 जुलाई. तहसील के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा. यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा. इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं.**

निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी. विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी. विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरुजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये. इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है. पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे.

उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरु वंदना की जायेगी. विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे.

**अनदेखी** राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर-जबलपुर किनारे अवैध उत्खनन से बन गए गड्ढे

# गिट्टी क्रेशरों की आड़ में छलनी कर रहे जमीन

किशोर वर्मा, नवभारत

**रायसेन, 07 जुलाई. जिले से गुजरे नेशनल हाइवे जयपुर जबलपुर किनारे गौहरगंज तहसील के गिट्टी क्रेशरों के पास बस्ती और शासकीय स्कूल बिनेका तिराहे के पास हाइवे किनारे एक बड़े क्षेत्र में खाई बन गई हैं, जिनमें से कई की गहराई 25 से 30 फ़ीट फीट से भी ज्यादा है. बारिश के दौरान इनमें जलभराव हो जाता है, जिससे बारिश के मौसम में हरदम हादसे की भी आशंका बनी रहती है.**

**यहां नियम कायदों को ताक पर रखकर चल रहे क्रेशर-** जिले की तहसील गौहरगंज के बिनेका, डामडोंगरी, ओबेदुल्लागंज सेंचुरी एरिया, बम्होरी, पांजरा बिनेका जंगल क्षेत्रों आदि में धड़ल्ले से क्रेशरें संचालित है. इतना ही नहीं बिनेका चौराहे से सौन्थर सोसाइटी मार्ग के बाजू में गिट्टी क्रेशरें ऐसी जगह संचालित है, जहां पर कुछ ही मीटर की दूरी पर शासकीय स्कूल और बस्ती है. क्रेशर चालू होते ही वहां से निकलने वाली पथरीली धूल स्कूल और



बस्ती तक पहुंची है.

मनमाफिक खनन से बनी यह खदानें जानलेवा भी साबित हो रहीं हैं. बारिश के सीजन में तो खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि जलभराव होने के बाद आसपास बसे गांव के लोग इनमें नहाना शुरू कर देते हैं, जिससे कई हादसे हो चुके है. पत्थर गिट्टी क्रेशर माफियाओं ने जिले के वन क्षेत्रों को भी नहीं छोड़ा खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आला अफसर बने मूक दर्शक

**खनन के बाद ऐसी नजर आ रही है जमीन-** जिले में बेरोक-टोक चल रहे अवैध उत्खनन से जमीन छलनी हो रही है. सबसे ज्यादा खनन क्रेशर की आड़ में यह सबकुछ खेल चल रहा है. पत्थर निकालने के लिए खनिज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कुछ मापदंड तय किए हैं, लेकिन खनन माफियाओं द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है.

**क्रेशर संचालकों को थमाए नोटिस-** माइनिंग की रायल्टी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने की तैयारी, 2 से 3 रुपए प्रति फीट बढ़ेंगे गिट्टी के दाम अब यदि कोर्ट जीएसटी की राशि जमा करने के आदेश देता है तो जिले में गिट्टी के दाम बढ़ सकते हैं. 2017 से 2025 तक आठ साल की जीएसटी की राशि एक साथ जमा करना है. वाणिज्यिक कर विभाग ने माइनिंग पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने की तैयारी कर ली है.

### इनका कहना है

हमने कलेक्टर साहब के आदेश पर गिट्टी क्रेशर संचालकों को पत्र लिखकर एनओसी परमिशन सहित तमाम दस्तावेज बुलाए हैं. कुछ गिट्टी क्रेशर मालिकों द्वारा दस्तावेजों की फाइल विभाग में जमा करवा दी है.

**- सुमित गुप्ता, प्रभारी खनिज अधिकारी रायसेन**

# जिला स्तरीय युवा संगम मेला आज

**सिलवानी, 07 जुलाई.** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में मंगलवार 08 जुलाई को जनपद पंचायत सिलवानी में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया है. जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह युवा संगम मेला सुबह 11 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक आयोजित किया गया है. इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी. इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, वोल्वो, आयशर बगरोदा, टेस्ला ट्रांसफामर्स इंडिया लिमिटेड मण्डीदीप आदि द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी.